BPSC-107

अंतर्राष्ट्रीय संबंध के दृष्टिकोण और विश्व इतिहास

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

विशेषज्ञ समिति

प्रो. डी. गोपाल (अध्यक्ष)
राजनीति विज्ञान संकाय,
प्रमुख, गाँधी और शांति
अध्ययन केंद्र
स्कूल ऑफ सोशल
साइंसेज, इग्नू, मैदान गढ़ी,
नई दिल्ली

प्रो. ए.वी. वीजापुर
राजनीति विज्ञान विभाग
अलीगढ़ मुस्लिम
विश्वविद्यालय

प्रो. जगपाल सिंह
राजनीति विज्ञान संकाय,
स्कूल ऑफ सोशल
साइंसेज, इग्नू, मैदान गढ़ी,
नई दिल्ली

प्रो. अब्दुल नाफे (अवकाश)
अमेरिकन, लैटिन अमेरिका
और कैनेडियन अध्ययन केंद्र
एस.आई.एस., जे.एन.यू.,
नई दिल्ली

प्रो. अनुराग जोशी
राजनीति विज्ञान संकाय,
स्कूल ऑफ सोशल
साइंसेज, इग्नू, मैदान गढ़ी,
नई दिल्ली

प्रो. एस. वी. रेड्डी
राजनीति विज्ञान संकाय,
स्कूल ऑफ सोशल
साइंसेज, इग्नू, मैदान गढ़ी,
नई दिल्ली

प्रो. आर एस. यादव
(अवकाश)
राजनीति विज्ञान विभाग
कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय
कुरुक्षेत्र, हरियाणा

प्रो. पी. सहदेवन
दक्षिण एशिया अध्ययन केंद्र
एस.आई.एस., जे.एन.यू.,
नई दिल्ली

पाठ्यक्रम सामग्री

इकाई 1	अंतर्राष्ट्रीय संबंध की समझ	प्रो. आर. एस. यादव, राजनीति विज्ञान संकाय, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र
इकाई 2	अंतर्राष्ट्रीय संबंध का विकास	प्रो. आर. एस. यादव, राजनीति विज्ञान संकाय, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र
इकाई 3	प्रथम विश्व युद्ध : कारण और परिणाम	प्रो. एस. आर. चक्रवर्ती, एस. आई. एस., जे. एन.यू., नई दिल्ली
इकाई 4	वोल्वोविक क्रांति का महत्त्व	प्रो. अजय पटनायक, एस. आई. एस., जे. एन.यू., नई दिल्ली
इकाई 5	फासीवाद और नाजीवाद का उदय	डॉ. आलोक कुमार गुप्ता, राजनीति अध्ययन केंद्र, दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय, गया
इकाई 6	द्वितीय विश्व युद्ध : कारण और परिणाम	डॉ. वी. एन. खन्ना, देशबन्धु गुप्ता कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
इकाई 7	शास्त्रीय यथार्थवाद और नव यथार्थवाद	डॉ राजकुमार शर्मा, कंसल्टेन्ट, राजनीति विज्ञान संकाय, इग्नू, नई दिल्ली
इकाई 8	उदारवाद और नवा उदारवाद	डॉ. अविपसु हलदर, असिस्टेन्ट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान संकाय, कलकत्ता विश्वविद्यालय, कोलकाता
इकाई 9	मार्क्सवादी दृष्टिकोण	डॉ. विकास चन्द्रा, असिस्टेन्ट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान संकाय, काशीनरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ज्ञानपुर, उ.प्र.
इकाई 10	नारीवादी परिप्रेक्ष्य	डॉ. गजाला फरीदी, असिस्टेन्ट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान संकाय, साउथ फील्ड कॉलेज, उत्तर बंगाल यूनीर्वसिटि, दार्जीलिंग

इकाई 11	यूरोकेंद्रियता और ग्लोबल साउथ परिप्रेक्ष्य	डॉ. जिग्मे एस एच लामा, असिस्टेन्ट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान संकाय, कलकत्ता विश्वविद्यालय, कोलकाता
इकाई 12	शीत युद्ध के विभिन्न चरण	डॉ. सॉची रॉय, स्वतंत्र शोधक, न्यूयार्क विश्वविद्यालय, अबू धाबी से जुड़ी हुई
इकाई 13	उपनिवेशवाद विरोधी आंदोलन और विघटन	डॉ. सॉची रॉय, स्वतंत्र शोधक, न्यूयार्क विश्वविद्यालय, अबू धाबी से जुड़ी हुई
इकाई 14	शीत युद्ध का अंतः वैश्विक व्यवस्था/अव्यवस्था का उदय	डॉ. आलोक कुमार गुप्ता, राजनीति अध्ययन केंद्र, दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय, गया
इकाई 15	संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था की बदलती प्रकृति	प्रो. अब्दुल रहीम पी. बीजापुर, राजनीति विज्ञान विभाग, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़, उ.प्र.

पाठ्यक्रम समन्वयक : प्रो. डी. गोपाल, राजनीति विज्ञान संकाय, सेवानिवृत्त

संपादक : प्रो. अब्दुल नाफे (अवकाश) अमेरिकन, लैटिन अमेरिका और कैनेडियन अध्ययन केंद्र, एस. आई.एस., जे.एन.यू., नई दिल्ली

इकाई पुनरीक्षण, स्वरूपण एवं अद्यतीकरण : डॉ राजकुमार शर्मा, कंसल्टेन्ट, राजनीति विज्ञान संकाय, इग्नू, नई दिल्ली

हिंदी अनुवाद : डॉ. मेहा पंत (इकाई 1–6,14,15), डॉ राजकुमार शर्मा (इकाई 7), डॉ. महीप (इकाई 13), कंसल्टेन्ट, राजनीति विज्ञान संकाय, इग्नू, नई दिल्ली

हिंदी पुनःनिरिक्षण : श्रीमति गीतांजली अत्री शोधकर्ता, जे.एन.यू., नई दिल्ली

सामग्री निर्माण

श्री राजीव गिरधर
सहायक कुल सचिव (प्रकाशन)
सा.नि. एवं वि. प्र. इग्नू, नई दिल्ली

श्री हेमन्त परीदा
अनुभाग अधिकारी (प्रकाशन)
सा.नि. एवं वि. प्र. इग्नू, नई दिल्ली

जून, 2021

©इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, 2021

ISBN-

सर्वाधिकार सुरक्षित, इस कार्य का कोई भी अंश इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की लिखित अनुमति लिए बिना मिमियोग्राफ अथवा किसी अन्य साधन से पुनः प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं है।

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों के बारे में विश्वविद्यालय कार्यालय मैदान गढ़ी नई दिल्ली से अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव, सामग्री निर्माण एवं वितरण प्रभाग, इग्नू द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित

लेजर टाइप सेटिंग : टेसा मीडिया एण्ड कंम्प्यूटर्स, सी–206, शाहीन बाग, जामिया नगर, नई दिल्ली

मुद्रक :

ignou
THE PEOPLE'S
UNIVERSITY

विषय वस्तु

खंड 1	**अंतर्राष्ट्रीय संबंध का अध्ययन**	**7**
इकाई 1	अंतर्राष्ट्रीय संबंध की समझ	11
इकाई 2	अंतर्राष्ट्रीय संबंध का विकास	29
खंड 2	**ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य**	**43**
इकाई 3	प्रथम विश्व युद्ध : कारण और परिणाम	47
इकाई 4	वोल्शेविक क्रांति का महत्त्व	63
इकाई 5	फासीवाद और नाजीवाद का उदय	73
इकाई 6	द्वितीय विश्व युद्ध : कारण और परिणाम	86
खंड 3	**सैद्धांतिक परिप्रेक्ष्य**	**107**
इकाई 7	शास्त्रीय यथार्थवाद और नव–यथार्थवाद	111
इकाई 8	उदारवाद और नव–उदारवाद	124
इकाई 9	मार्क्सवादी दृष्टिकोण	138
इकाई 10	नारीवादी परिप्रेक्ष्य	154
इकाई 11	यूरोकेंद्रियता और ग्लोबल साउथ परिप्रेक्ष्य	167
खंड 4	**समकालीन अंतर्राष्ट्रीय संबंध**	**181**
इकाई 12	शीत युद्ध : विभिन्न चरण	185
इकाई 13	उपनिवेशवाद–विरोधी आंदोलन और गैर–उपनिवेशीकरण	199
इकाई 14	शीत युद्ध का अतः वैश्विक व्यवस्था/अव्यवस्था का उदय	213
इकाई 15	संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था की बदलती प्रकृति	228

पाठ्यक्रम प्रस्तावना

इस कोर्स को चार अलग-अलग खंडों में विभाजित किया गया। खंड 1 जिसमें 2 इकाइयाँ शामिल हैं, आपको अंतर्राष्ट्रीय संबंधों और विश्व इतिहास पर एक तरह का मेन्यू प्रस्तुत करता है। खंड 2 और खंड 4 आपको ऐतिहासिक घटनाओं और समकालीन घटनाओं के एक निर्देशित अध्ययन के दौर पर ले जाते हैं, जिसमें 20वीं सदी के दूसरे भाग और द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से विश्व इतिहास और अंतर्राष्ट्रीय संबंध को परिभाषित किया गया है। अंत में, एक बहुत ही रोमांचक और कुछ हद तक चुनौतीपूर्ण खंड 3 है। अंतर्राष्ट्रीय संबंध के अध्ययन के लिए यहाँ पर लगभग पाँच इकाइयाँ आपको सैद्धांतिक ढाँचों से परिचित कराती हैं। आपके लिए पेश किए जाने वाले सिद्धांत अनुभवजन्य हैं। वे संप्रभु राज्यों या विशिष्ट घटनाओं के अनुभवों पर आधारित हैं। कुछ वैचारिक ढाँचे मानक हैं। वे वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय संबंध की आलोचना करते हैं और सुझाव देते हैं कि क्या होना चाहिए।

एक बात याद रखें : ये सिद्धान्त न तो पूरी तरह से सही हैं और न ही पूरी तरह से गलत हैं। अंतर्राष्ट्रीय संबंध एक जटिल और बहु-आयामी विषय है, प्रत्येक सिद्धांत अंतर्राष्ट्रीय संबंध के बारे में महत्त्वपूर्ण सच्चाइयों के बावजूद केवल कुछ पर प्रकाश डालता है। सिद्धांतों को पढ़ने का दूसरा आनंद यह है कि वे हमें कुछ बहुत ही विशिष्ट और व्यवहारिक सवाल उठाने की अनुमति देते हैं और फिर उनके उत्तरों की खोज करते हैं और यह इस पाठ्यक्रम के करीब पहुँचने का सही तरीका है।

इस पाठ्यक्रम की सभी इकाइयों की संरचना एक जैसी है। हर इकाई कुछ उद्देश्यों से शुरू होती है, जो यह बताते है कि आप उस इकाई से क्या सिखने वाले हैं। हर इकाई में अभ्यास प्रश्न दिए गए हैं, जो आपको आपकी समझ को परखने का मौका देते है। इन प्रश्नों के उत्तर इकाई के अंत में दिए गए हैं, जिनसे आप अपने उत्तर का मिलान कर सकते है। पाठ्यक्रम की सभी इकाइयों को विशेषज्ञों द्वारा ध्यानपूर्वक लिखा गया है परंतु ये इकाइयाँ पूर्ण रूप से व्यापक नहीं हैं। विषय की गहरी समझ के लिए पाठ्यक्रम के अंत में दी गई अध्ययन सामग्री की ममद लें।

खंड 1
अंतर्राष्ट्रीय संबंध का अध्ययन

ignou
THE PEOPLE'S
UNIVERSITY

खंड प्रस्तावना

इकाई 1 और 2 आपको कुछ महत्त्वपूर्ण बातें बताती हैं : (1) अंतर्राष्ट्रीय संबंध की मूल विशेषता जटिलता और गतिशीलता है। दूर के क्षेत्र में होने वाली एक घटना तुरंत उपलब्ध अवसरों और चुनौतियों को प्रभावित करती है। इसलिए विदेशी मंत्रियों और राजनयिकों को फुर्तीला और चुस्त होना आवश्यक है। (2) समकालीन अंतर्राष्ट्रीय संबंध द्वितीय विश्वयुद्ध के दर्दनाक अनुभवों से उभरा। अंतर्राष्ट्रीय संबंध के प्रमुख मानदंड और संस्थान दूसरे विश्वयुद्ध के बाद स्थापित किए गए थे। (3) द्वितीय विश्व युद्ध के अंत से 1991 तक सोवियत संघ के विघटन तक की अवधि को शीतयुद्ध का काल कहा जाता है। शीतयुद्ध अमेरिका और यूस एस एस आर के बीच राजनीतिक, वैचारिक और सैन्य प्रतिद्वंद्विता का युग था, और इसने अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को आकार दिया। (4) दो महाशक्तियाँ कुछ महान शक्तियाँ और बड़ी संख्या में विकासशील देश, यह शीतयुद्ध के समय का विश्व शक्ति पदानुक्रम था। यह 1990 के शुरुआती दशक में बदल गया। शीत युद्ध के बाद के समय में सत्ता पदानुक्रम का पुनः संयोजन देखा गया है। थोड़ी देर के लिए, विशेष रूप से 1990 के शुरुआती दशक में यू एस ए एकमात्र सुपर पॉवर था, और कुछ समय के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रणाली एक ध्रुवीय दिखी। लेकिन एक ध्रुवीय पल जल्द ही बीत गया। इसमें कोई शक नहीं, आर्थिक, तकनीकी और सैन्य दृष्टि से अमेरिका निर्विवाद रूप से सबसे शक्तिशाली देश है। लेकिन रूस पुनरुत्थान कर रहा है, चीन बढ़ रहा है, ब्राजील, भारत, दक्षिण अफ्रीका और कई अन्य देश उभर रहे हैं। ग्लोबल साउथ के कई अन्य देश बहुत सारे आर्थिक और तकनीकी गतिशीलता दिखा रहे हैं और इस तरह वे अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में अपना कद बढ़ा रहे हैं। उदाहरणों के रूप में मेक्सिको, मलेशिया और नाइजीरिया आदि शामिल हैं। विश्व शक्ति पदानुक्रम परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। आज के समय में अंतर्राष्ट्रीय प्रणाली स्पष्ट रूप से बहुध्रुवीय है। (5) 1990 के दशक में वैश्वीकरण की शुरुआत ने अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक संबंधों में बड़े बदलाव किए। उभरती अर्थव्यवस्थाओं जैसे ब्राजील, चीन, भारत, दक्षिण अफ्रीका और कई और अधिक तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं के बीच, अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक और व्यापार के मामलों में वृद्धि हुई। इसके अलावा उनकी बढ़ती राजनीतिक और सैन्य क्षमताएँ उन्हें वैश्विक शांति और सुरक्षा में महत्त्वपूर्ण हितधारक बनाती है। यहाँ से दो बिन्दु महत्वपूर्ण हैं, शक्ति का पुनः संयोजन वैश्विक शासन में सुधार की माँग करता है। इसके अलावा वैश्विक संस्थानों को समावेशी और प्रतिनिधि बनाने की जरूरत है। दूसरे, दक्षिण के देशों के बीच व्यापार, निवेश और एकीकरण में वृद्धि हुई है। दक्षिण-दक्षिण सहयोग आज एक वास्तविकता है, ग्लोबल साथ का विचार प्रचलन में है। (6) आर्थिक वैश्वीकरण और क्षेत्रीयकरण एक-दूसरे के समानांतर चल रहे हैं। ये दो पूरक या विरोधाभासी प्रक्रियाएँ हैं। एक सीधा जवाब देना आसान नहीं है। 1994 में, यूरोपीय संघ अस्तित्व में आया, इसके अलावा क्षेत्रीयकरण की दिशा में मजबूत आंदोलन को, दक्षिण-पूर्व ऐशियाई देशों ने अभियान के तहत अपने आर्थिक और राजनीतिक संबंधों को मजबूत किया। कनाडा, अमेरिका और मैक्सिको नाफ्टा नामक मुक्त व्यापार समझौते के तहत साथ आए, और अमेरिका ने एपेक के गठन में एशियाई और प्रशांत राष्ट्रों की स्थिति का नेतृत्व किया। जैसा कि इकाई 2 बताती है, ये समूह आर्थिक और अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक संबंध शीतयुद्ध के बाद के अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की एक प्रमुख विशेषता थी। 1994 में विश्व व्यापार संगठन के गठन के साथ, ब्रेटन वुड्स प्रणाली और मजबूत हो गई, आई.एम.एफ., विश्व बैंक और क्षेत्रीय विकास बैंक सभी समृद्ध और विकसित अर्थव्यवस्थाओं की आर्थिक और व्यापार प्राथमिकताओं को प्रतिबिंबित करने के लिए आए थे। (7) यह

देखा गया है कि आर्थिक वैश्वीकरण ने सभी देशों में सभी लोगों को लाभान्वित नहीं किया है, जो इसका वादा था। एक बोध यह भी है कि वैश्वीकरण पूंजीवाद को मजबूत करने के लिए काम करता है और मुख्य रूप से अमीर और शक्तिशाली वैश्विक निगमित कंपनियों और बैंकों के हितों की सेवा करता है। वैश्वीकरण विरोधी प्रतिक्रियाओं ने वैश्वीकरण के खिलाफ आंदोलनों और विकास के वैकल्पिक प्रतिमान के निर्माण को जन्म दिया है। ये वैश्वीकरण विरोधी आंदोलन गैर-सरकारी संगठनों और नागरिक समाज के कार्यकर्त्ताओं को विभिन्न राष्ट्रों से एक साथ लाते हैं। 1999 में, सिएटल में विश्व व्यापार संगठन की मंत्रिस्तरीय बैठक में दुनिया भर के प्रदर्शनकारियों ने अमीर और विकसित देशों की लूट वाली व्यापार नीतियों का विरोध किया। सिएटल की तथाकथित लड़ाई ने वैश्वीकरण विरोधी आंदोलन के उदय को चिह्नित किया। विश्व सामाजिक मंच ने वैश्वीकरण के लिए एक वैकल्पिक बातचीत के रूप में दुनिया भर से कार्यकर्त्ताओं को लाना शुरू किया। इतिहास शायद 1990 के दशक को एक परिवर्तनकारी दशक के रूप में देखे। याद रखें; ये और अन्य बदलाव 21वीं सदी के इस दूसरे दशक की खासियत बने हुए हैं। हमारे आस-पास की दुनिया तेज गति से बदलती रहती है। इसलिए वर्तमान विश्व व्यवस्था के नए रूप, आयाम तथा झुकाव की पहचान करके जटिल अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को समझने की अत्यधिक आवश्यकता है। एक और बात, अंतर्राष्ट्रीय संबंध की चिंताएँ बढ़ गई हैं, आज अंतर्राष्ट्रीय संबंध, सामाजिक और पर्यावरणीय चिंताओं से लेकर सुरक्षा और सभी की भलाई तक के मुद्दों को कवर करता है। कुछ विद्वानों के लेखन ने आई.आर. के लिए उच्च लक्ष्य निर्धारित किए हैं : संपूर्ण मानव जाति का सशक्तिकरण।

अंतर्राष्ट्रीय संबंधों पर सैद्धांतिक दृष्टिकोण की जांच करते हुए हम इनमें से कुछ मुद्दों पर चर्चा करने के लिए वापस आएँगे। इकाई 1 और 2 के अध्ययन के माध्यम से पहले IR विषय के बारे में और अधिक ज्ञान प्राप्त करते हैं।

ignou
THE PEOPLE'S
UNIVERSITY

ignou
THE PEOPLE'S
UNIVERSITY

इकाई 1 अंतर्राष्ट्रीय संबंध की समझ*

संरचना

1.0 उद्देश्य

1.1 प्रस्तावना

1.2 अंतर्राष्ट्रीय संबंध की समकालीन चिंताएँ

1.2.1 संरचनात्मक परिवर्तन

1.2.2 आर्थिक परिवर्तन

1.2.3 संयुक्त राष्ट्र में परिवर्तन की जरूरत

1.2.4 परमाणु प्रसार की समस्या

1.2.5 गैर पारंपरिक सुरक्षा खतरों का उद्भव

1.2.6 मानवीय सरोकारों का मुद्दा

1.3 वैश्विक शांति के लिए कार्यसूची

1.4 सारांश

1.5 संदर्भ

1.6 बोध प्रश्नों के उत्तर

1.0 उद्देश्य

इस इकाई में, आप अंतर्राष्ट्रीय संबंध के अनुशासन की जटिलताओं और दायरे के बारे में पढ़ेंगे। इस इकाई को पढ़कर आप निम्नलिखित समझ पाएंगे :

- अंतर्राष्ट्रीय गतिविधियों के मूल स्वरूप और अंतर्राष्ट्रीय संबंध के अनुशासन की प्रकृति और कार्यक्षेत्र;
- द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति के बाद की अवधि में अंतर्राष्ट्रीय संबंध का विकास, शीत युद्ध के बाद का वैश्विक क्रम और उसकी चुनौतियाँ;
- अंतर्राष्ट्रीय संबंध की समकालीन चिंताएँ : संरचनात्मक राजनीतिक परिवर्तन और आर्थिक परिवर्तन;
- संयुक्त राष्ट्र प्रणाली की बदलती गतिशीलता, परमाणु प्रसार के खतरे और गैर-पारंपरिक सुरक्षा के खतरे; तथा
- प्रमुख मानवीय सरोकार और अंतर्राष्ट्रीय संबंध में भविष्य के रुझान।

1.1 प्रस्तावना

बढ़ती जटिलताएँ और अत्यधिक गतिशील प्रकृति हमेशा अंतर्राष्ट्रीय संबंध की दो महत्त्वपूर्ण विशेषताएँ रही है। द्वितीय विश्व युद्ध के प्रभाव में बड़े बदलावों के गुजरने के बाद, 21वीं सदी के इस दूसरे दशक में राष्ट्रों के बीच संबंध तीव्र गति से बदल रहे हैं। शीत युद्ध की समाप्ति ने वैश्विक शक्ति संरचना में बड़े और विकट परिवर्तन

* प्रो. आर. एस. यादव, राजनीति विज्ञान संकाय, कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र

किए। अंतर्राष्ट्रीय संबंध, इसलिए 20वीं शताब्दी के अंतिम दशक में कई सूक्ष्म लेकिन निश्चित रूप से बड़े और भयावह परिवर्तनों से गुजरे। विशेष रूप से, सोवियत सोशलिस्ट रिपब्लिक (यूएसएसआर) के विघटन के बाद, तेजी से बदलाव ने राष्ट्रों के बीच संबंधों को चित्रित किया।

राजनीतिक रूप से, शीत युद्ध का अंत हो गया। वॉरसा (WARSAW) संधि की एक तरह से प्राकृतिक मौत हो गई। दिसंबर 1991 में तत्कालीन यू एस एस आर के स्थान पर, रूस उत्तराधिकारी राज्य के रूप में उभरा। स्वतंत्र राष्ट्रों का एक राष्ट्रमंडल (सीआईएस) यानि नौ स्वतंत्र गणराज्यों का एक संघ बन गया। इस घटना ने रूस की अर्थव्यवस्था पर विनाशकारी प्रभाव डाला था। संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों पर आर्थिक निर्भरता और घरेलू राजनीतिक अनिश्चितता ने इसे कमजोर रखा। सोवियत संघ के विघटन ने संयुक्त राज्य अमेरिका को एकमात्र जीवित सुपर पावर के रूप में छोड़ दिया। बर्लिन की दीवार ढह गई। जर्मनी एक एकीकृत एकल राज्य बन गया। गुट निरपेक्ष आंदोलन (एन ए एम) ने दुर्बलता पैदा की और शीतकाल के बाद के युगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए पुनर्गणना का आह्वान किया।

रूस प्रमुख परमाणु राज्यों में से था और कुछ वर्षों की कठिनाई के बाद, यह ब्लादिमीर पुतिन के मजबूत नेतृत्व में फीनिक्स की तरह बढ़ने लगा। 31 दिसंबर 1999 को बोरिस येल्तसिन से पुतिन ने राष्ट्रपति पद को ग्रहण किया। रूस ने पुतिन के नेतृत्व में आज की शांति के रूप में पुनरुत्थान का अनुभव किया है, अब किसी भी दृष्टिकोण से कमजोर शक्ति नहीं लगती है और अंतर्राष्ट्रीय मोर्चे पर शानदार स्थिति है।

इसके अलावा, संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ, यूके (ब्रिटेन), फ्रांस, रूस, चीन, भारत, ब्राजील, जर्मनी, जापान, यूरोपीय संघ, आसियान, दक्षिण अफ्रीका, नाफ्टा, ऐपक सत्ता के बड़े केंद्रों के रूप में उभरने लगे। अंतर्राष्ट्रीय संबंध की बहु केंद्रित संरचना को सुरक्षित करने के लिए सामान्य लक्ष्य के रूप में मान्यता प्राप्त हुई। दुनिया बदल गई, और अभी भी बहुत तेज गति से बदल रही है। अतः वर्तमान विश्व व्यवस्था के नए रूप, आयाम, झुकाव और जटिल अंतर्राष्ट्रीय संबंध को समझने की अत्यधिक आवश्यकता है।

आर्थिक रूप से, विश्व व्यापार संगठन ने ब्रेटन वुड्स प्रणाली को समेकित किया और भूमंडलीकरण को पूंजीवादी प्रतिमान को मजबूत करने के लिए शुरू किया गया। अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक संबंध, शीत युद्ध अंतर्राष्ट्रीय संबंध के बाद की प्रमुख विशेषता बन गए। यूरोपीय संघ, ब्रिक्स, आसियान जैसे संगठन विकास और आर्थिक एकीकरण मॉडल के लिए क्षेत्रीय सहयोग के रूप में एपेक और नाफ्टा के साथ उभरे। स्थायी विकास, पर्यावरण संरक्षण, परमाणु हथियारों का अप्रसार, आतंकवाद का उन्मूलन, मानव सुरक्षा, वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के लिए प्रमुख चिंता बन गए।

इस प्रकार, राजनीतिक और आर्थिक रूप से एक नई तरह की विश्व व्यवस्था देखी जा रही है। यह दुनिया कई चुनौतियों का भी सामना कर रही है और साथ ही विशाल अवसर भी प्रदान कर रही है, इसलिए, यह न केवल प्रासंगिक है, बल्कि वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय प्रणाली के इन गतिशील परिवर्तनों और वैश्विक शांति, सुरक्षा और विकास के लिए उनके निहितार्थ को समझने के लिए भी अपरिहार्य है।

1.2 अंतर्राष्ट्रीय संबंध की समकालीन चिंताएँ

1945 में द्वितीय विश्व युद्ध के अंत और अब तक की अवधि में, अंतर्राष्ट्रीय संबंध ने प्रमुख घटकों के संबंध में अपने क्षितिज को चौड़ा किया है और विभिन्न प्रक्रियाओं को भी देखा है। परिणामतः अंतर्राष्ट्रीय संबंध ने न केवल जटिलताओं का अधिग्रहण किया है, बल्कि इसके बहुत सारे तथ्यों पर काम भी कर रहा है। वर्तमान समय में अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को समझने के लिए उनसे जुड़े भारी चिंताओं को जानने की जरूरत है। संक्षेप में, आर्थिक परिवर्तन, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों का सुधार, सामूहिक विनाश के हथियारों के प्रसार का खतरा, गैर-पारंपरिक सुरक्षा खतरों का उद्भव इत्यादि में संरचनात्मक परिवर्तन है।

1.2.1 संरचनात्मक परिवर्तन

अंतर्राष्ट्रीय राजनीतिक संबंध संरचनात्मक राजनीतिक परिवर्तन से गुजर रहे हैं। यह परिवर्तन मुख्यतः दो क्षेत्रों में सबसे प्रभावी रूप से महसूस किया गया है : राष्ट्र-राज्य की प्रकृति और भूमिका में परिवर्तन और वैश्विक नीतियों में संरचनात्मक परिवर्तन।

क) **राष्ट्र-राज्य का बदला स्वरूपः** पहले राष्ट्र-राज्य अंतर्राष्ट्रीय संबंध की गतिविधियों के लिए केंद्र हुआ करता था। परन्तु समकालीन समय में, हालांकि अंतर्राष्ट्रीय प्रणाली को मूल रूप से स्थानीय, क्षेत्रीय और वैश्विक स्तरों पर कार्य करने वाले संप्रभु राष्ट्र-राज्यों के बीच बातचीत की प्रणाली गठित किया जाना बाकी है, फिर भी शेष राज्य में कुल परिवर्तन हुआ है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रवाद और आत्मनिर्णय की विचारधारा का भी समर्थन और लोकप्रियता बढ़ी है, फिर भी राष्ट्र-राज्य की भूमिका बदल गई है।

बढ़ती वैश्विक निर्भरता और परस्परता के इस युग में, राष्ट्र-राज्य, जो कितना भी शक्तिशाली है, खुद को संयमित रखते हुए अपनी शक्तियों और उद्देश्यों को काबू रखने के लिए मजबूर रहता है। परमाणु हथियार और बड़े पैमाने पर विनाश के अन्य हथियारों का उदय जिसके खिलाफ ऐसे राष्ट्र-राज्य जो अपने लोगों के जीवन और संपत्ति को बहुत कम सुरक्षा प्रदान कर पाते हैं, ने अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में इसकी भूमिका पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है।

1950 के दशक में विउपनिवेशीकरण ने विश्व राजनीति में नए अभिनेताओं के रूप में बड़ी संख्या में संप्रभु राष्ट्र-राज्यों का उदय किया था। हालांकि, ये विकासशील देश, अपनी नई समस्याओं और अवास्तविक विकासात्मक महत्त्वकांक्षाओं के कारण ज्यादातर प्रभावी और शक्तिशाली अभिनेता बनने में असफल रहे हैं। उन्होंने शीत युद्ध की दुनिया के नए सुरक्षा खतरों और वैश्वीकरण की प्रक्रिया से उत्पन्न आर्थिक और सांस्कृतिक चुनौतियों का सामना करने में खुद को व्यक्तिगत रूप से अक्षम पाया है।

आर्थिक विकास की अनिवार्यताओं और वैश्वीकरण की बहुत सारी ताकतों ने इनमें से कई देशों को अपने विकास के उद्देश्यों को हासिल करने के लिए क्षेत्रीय आर्थिक एकीकरण संघ बनाने के लिए बाध्य किया है। इनमें पश्चिमी यूरोपीय राज्य केवल अपनी संप्रभुता से समझौता करके विकसित होने की स्थिति में थे और इसलिए यूरोपीय संघ का गठन किया गया। इसके अलावा, विश्व जनमत के उदय, लोगों के बीच संपर्क, वैश्विक शांति और विकास आंदोलनों ने राष्ट्रीय

सीमाओं को सफलतापूर्वक पार कर लिया है, इसलिए फिर से राष्ट्र-राज्यों की भूमिका बदल गई है। निर्णय लेने वाले अपने संप्रभु राज्यों की ओर से शक्ति का प्रयोग करते हुए आज इन नए शक्तिशाली बलों से बचना और उनकी अनदेखी करना मुश्किल मानते हैं। उन्हें अब सामूहिक क्षेत्रीय आर्थिक संस्थानों की स्थापना करना और उनके लोगों की विकासात्मक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उनके निर्देशों का पालन करना आवश्यक लगता है। अपने राष्ट्रीय हित के संदर्भ में लक्ष्यों को परिभाषित करते हुए भी, एक राष्ट्र-राज्य को इन हितों को अंतर्राष्ट्रीयता या सार्वभौमिकता के रूप में व्यक्त करना पड़ता है।

इस संदर्भ में, उदाहरण के तौर पर, हिंद महासागर की स्वतंत्रता की माँग अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के नाम पर तटीय राज्यों द्वारा की जाती है। प्रौद्योगिकी क्रांति की जरूरतों को साझा करने के लिए सभी देशों के अधिकार के रूप में प्रौद्योगिकी आयात की आवश्यकता है। संक्षेप में, राष्ट्रवादी सार्वभौमिकता और शुद्ध राष्ट्रवाद का पीछा अब राष्ट्र–राज्यों द्वारा नहीं किया जा रहा है।

इसके अलावा, समकालीन राष्ट्र-राज्य अब विश्व जनमत, अंतर्राष्ट्रीय नैतिकता, अंतर्राष्ट्रीय कानून, वैश्विक अंतरनिर्भरता, विश्व शांति के प्रति प्रतिबद्धता, युद्ध का सहारा लेने की अक्षमता, जो एक पूर्ण युद्ध हो सकता है, सुरक्षा और राष्ट्रीय शक्ति के साधन के रूप में सैन्य हथियारों के कम मूल्य तथा कई गैर-राज्य अभिनेताओं की उपस्थिति, की प्राप्ति से अपनी 'संप्रभुता'' सीमित पाता है।

ख) **वैश्विक राजनीति में संरचनात्मक परिवर्तनः** द्वितीय विश्व युद्ध के परिणाम ने दुनिया को विभाजित किया, जो कि संयुक्त राज्य अमेरिका और तत्कालीन यूएसएसआर के तत्वावधान में थे। इन दोनों राज्यों ने अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में अपने-अपने पदों को मजबूत करने के लिए अपने शिविरों का आयोजन शुरू किया।

संयुक्त राज्य अमेरिका ने उदारवादी लोकतांत्रिक पूंजीवादी देशों को, कई क्षेत्रीय गठजोड़ों जैसे नाटो, एसईएटीओ और अन्य के माध्यम से एक ब्लॉक–अमेरिकन ब्लॉक बनाया। सोवियत संघ ने समाजवादी राज्यों को वॉरसा संधि में संगठित किया। दो महाशक्तियों और उनके खण्डों के बीच शीत युद्ध ने दुनिया को दो समूहों में विभाजित किया – जिसे द्विध्रुवी दुनिया कहा जाता था।

हालांकि, 20वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध के अंत में, दोनों विरोधी शिविरों में दरारें दिखाई दीं। एक स्वतंत्र शक्ति और कुछ अन्य कारकों के कारण फ्रांस के प्रयासों ने अमेरिकी शिविर को कमजोर बना दिया। इसी तरह, यूगोस्लाविया के गुटनिरपेक्ष बने रहने और चीन-सोवियत मतभेदों के उभरने के फैसले ने सोवियत खेमे को कमजोर बना दिया।

चीन और दुनिया के विभिन्न हिस्सों में कई अन्य शक्तिशाली राष्ट्रों के उदय ने 1950 के दशक की शुरुआत से तंग द्विध्रुवीय प्रणाली को कमजोर कर दिया। सत्ता के कुछ नए केंद्रों, यूरोपीय समुदाय, जापान, जर्मनी, चीन, भारत और एनएएम के उद्भव ने बहुध्रुवीयता या बहुपक्षपाद के प्रति द्विध्रुवीयता में परिवर्तन की प्रक्रिया शुरू की।

1970 के दशक में, इस विकास को द्वि-बहुध्रुवीयता के रूप में जाना गया। अंतर्राष्ट्रीय संबंध में दो महाशक्तियों और उसके संबंधित खण्डों का संचालन जारी रहा। हालांकि, उनके साथ भारत, मिस्र, यूगोस्लाविया और कुछ अन्य जैसे चीन, फ्रांस, जर्मनी एवं जापान जैसे देश विश्व राजनीति में महत्त्वपूर्ण अभिनेता के रूप में उभरे। इस स्थिति को द्वि-बहुपक्षवाद या द्वि-बहुलता या यहाँ तक कि बहु-ध्रुवीय के रूप में जाना जाने लगा।

20वीं सदी के अंतिम दशक में यूएसएसआर के विघटन के बाद अंतर्राष्ट्रीय संबंध में यह द्वि-बहुध्रुवीयता एक आभासी एकध्रुवीयता में तब्दील हो गई। 1990 के दशक में द्वि–बहुध्रुवीयता को संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ एकध्रुवीयता के रूप में प्रतिस्थापित किया गया जो एकमात्र जीवित महाशक्ति के रूप में उभरा। इसके साथ नाटो, यूएसएसआर का विघटन, वॉरसा संधि का परिसमापन, विश्व राजनीति में समाजवादी खण्ड का अंत, रूस की असमर्थता, (पूर्ववर्ती) यूएसएसआर के उत्तराधिकारी राज्य, अमेरिकी सत्ता को चुनौती देने के लिए, यूरोपीय संघ की अक्षमता, जर्मनी, जापान, फ्रांस और चीन ने अमेरिकी शक्ति की भौतिक रूप से जांच करने के लिए, अमेरिकी नीतियों और विश्व में भूमिका के लिए निरंतर ब्रिटिश समर्थन, एनएएम के कारण आई कमजोरी, तीसरी दुनिया के देशों की आर्थिक निर्भरता और पूर्व समाजवादी राज्यों और संयुक्त राष्ट्र के अमेरिकी वर्चस्व ये सभी अंतर्राष्ट्रीय संबंध की नई वास्तविकताओं के रूप में आया।

संयुक्त राज्य अमेरिका, एकमात्र जीवित महाशक्ति के रूप में सामान्य रूप से अंतर्राष्ट्रीय प्रणाली और विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् पर हावी होने लगा। कोई भी शक्ति की आभासी अनुपस्थिति जो अमेरिकी शक्ति को चुनौती देने में सक्षम और इच्छुक हो, इसने विश्व राजनीति में एक प्रमुख भूमिका निभाने में अमेरिका को सक्षम बनाया। यह एकात्मकता अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था की विशेषता थी। वैचारिक एकध्रुवीयता ने इसे और मजबूती दी।

हालांकि, 21वीं सदी की शुरुआत में, पॉलीसेंट्रिज़्म/बहुकेंद्रियवाद के विचार उभरने की दिशा में कई निश्चित संकेत दिखाई दिए। रूस, चीन, जापान, यूरोपीय संघ, भारत, ब्राजील, G–20 और सभी ने अधिक जोरदार भूमिका निभानी शुरू कर दी। इन सभी ने एक ध्रुवीय अंतर्राष्ट्रीय संरचना सुनिश्चित करने के उद्देश्य को स्वीकार किया। अधिकांश राज्यों ने अंतर्राष्ट्रीय प्रणाली के बहुध्रुवीय चरित्र को सुरक्षित बनाए रखने के लिए अपने संकल्प को घोषित किया।

जून 2005 में, चीन, भारत और रूस ने आतंकवाद के संकट और उनके रणनीतिक हितों के संरक्षण की आवश्यकता जैसी समस्याओं को हल करने की दिशा में एक आम समभाव और दृष्टिकोण बनाने और विकसित करने का फैसला किया। अमेरिकी प्रभुत्व भी कुछ हद तक मन्द हुआ, जो पहले कुछ शीत युद्ध के बाद के वर्षों में देखा गया था। साथ ही, विश्व की वित्तीय व्यवस्था पर पश्चिम का वर्चस्व कम करने की लिए ब्रिक्स का जन्म हुआ जिसके सदस्य हैं – ब्राजील, रूस, भारत, चीन तथा दक्षिण अफ्रीका।

11 सितंबर, 2001 की आतंकवादी घटनाओं के बाद, यूएस आतंकवाद के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय युद्ध में पूरी तरह से और अधिक सख्ती से बड़ी संख्या में राज्यों को शामिल करने की आवश्यकता के प्रति सचेत हो गया। जिससे, अंतर्राष्ट्रीय संबंध

में एक नए बहु-केंद्रवाद या बहु-ध्रुवीयता के फिर से उभरने की दिशा में कई निश्चित संकेत सामने आए। समकालीन अंतर्राष्ट्रीय प्रणाली निश्चित रूप से एक बहुध्रुवीय प्रणाली बनने की दिशा में आगे बढ़ रही है। या फिर हो सकता है, दुनिया पहले ही बहुध्रुवीय हो गई हो।

बोध प्रश्न 1

नोट : i) अपने उत्तर के लिए नीचे दिए गए रिक्त स्थान का प्रयोग करें।

ii) इस इकाई के अंत में दिए गए उत्तर से अपने उत्तर का मिलान कीजिए।

1) अंतर्राष्ट्रीय संबंध में संरचनात्मक परिवर्तन से आपका क्या अभिप्राय है?

.....

.....

.....

.....

.....

1.2.2 आर्थिक परिवर्तन

क) **वैश्वीकरण की शुरुआतः** वैश्वीकरण ने राष्ट्रों के बढ़ते ध्यान और रुचि को आकर्षित किया है। यह एक आम तौर पर साझा उद्देश्य के रूप में उभरा है। और समकालीन अंतर्राष्ट्रीय प्रणाली बहुतायत से दर्शाती है कि वैश्वीकरण ने अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के उद्देश्य के रूप में एक सार्वभौमिक स्वीकृति प्राप्त की है।

यह सीमाओं के पार कारपोरेट विस्तार की एक सक्रिय प्रक्रिया और सीमा पर सुविधाओं और आर्थिक संपर्कों की एक संरचना के रूप में देखा जाता है, जो प्रक्रिया को लगातार बढ़ाते और बदलते रहते हैं। अपने वैचारिक साझेदार 'मुक्त व्यापार' की तरह, वैश्वीकरण भी एक विचारधारा है, जिसका कार्य इस प्रक्रिया को किसी भी प्रतिरोध को कम करना है, जिससे यह अत्यधिक लाभकारी और अजेय दोनों प्रतीत होता है।

यह दुनिया के एक वास्तविक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक परिवर्तन के लिए एक वैश्विक गाँव के साथ-साथ सतत् विकास और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य को हासिल करने के लिए, दोनों के रूप में कार्य करने की उम्मीद है। हालांकि, वैश्वीकरण के आलोचकों का मानना है कि यह वास्तव में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और कार्यव्यवस्था पर हावी होने के लिए एक कारपोरेट एजेंडा है। इस पर, तीसरे विश्व देशों की नीतियों और अर्थव्यवस्थाओं पर अपने नव-औपनिवेशिक नियंत्रण को बनाए रखने और मजबूत करने के लिए समृद्ध और विकसित देशों को सक्षम करने का संभावित खतरा है।

स्वतंत्रता, सबका विकास और सतत् विकास के नाम पर, वैश्वीकरण ने विकसित और विकासशील देशों के बीच अंतर को समाप्त करने की कोशिश की है। कोई भी इस बात से इंकार नहीं करता है कि वैश्वीकरण की अपनी समस्याएँ हैं। इसने वैश्विक असमानता और गरीबी को तेज किया है। विकासशील देशों ने

वैश्वीकरण के सकारात्मक परिणामों के बजाय नकारात्मक प्रभावों को अधिक देखा है।

हालांकि, यह भी एक स्वीकृत तथ्य है कि वैश्विक समस्या को वैश्विक समाधान की आवश्यकता है। पार-सीमा स्वास्थ्य और पर्यावरण के मुद्दों उदाहरण स्वरूप प्रदूषण और कोरोना महामारी से निपटने के लिए वैश्विक प्रतिक्रिया की जरूरत है। इसलिए, वैश्वीकरण एक वास्तविकता है जिसके लिए अंतर्राष्ट्रीय संबंध की आवश्यकता है, जिसमें सभी राज्यों की पूर्ण भागीदारी वांछनीय है।

ख) **उभरते क्षेत्रीय आर्थिक समूहः** पश्चिमी यूरोपीय आर्थिक एकीकरण की अवधारणा का सफल संचालन अन्य देशों के लिए प्रोत्साहन का स्रोत रहा है। पश्चिमी यूरोपीय देशों ने, यूरोपीय साझा बाजार एवं कई अन्य संस्थानों के माध्यम से तेजी के साथ बड़े आर्थिक विकास, औद्योगिक एवं तकनीकी के क्षेत्र में विकास दर्ज किया है।

इस तरह की सफलताओं ने उन्हें यूरोप को एक समान मुद्रा और बैंकिंग सेवा के साथ एक एकल आर्थिक क्षेत्र बनाने के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। यूरोपीय आर्थिक समुदाय (अब यूरोपीय संघ) एक शक्तिशाली सुपरानेशनल अभिनेता के साथ-साथ समकालीन अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में क्षेत्रीय संगठन के रूप में उभरा। 1990 के दशक में सोशलिस्ट ब्लॉक के पतन और पूर्वी यूरोपीय देशों में बदलाव ने सभी यूरोपीय राज्यों के बीच अर्थपूर्ण और उच्च स्तरीय आर्थिक सहयोग के युग में यूरोप की शुरुआत करने के लिए राज्य की स्थापना की।

कई पूर्वी यूरोपीय राज्य, यूरोपीय संघ में शामिल हो गए हैं और अन्य कतार में हैं। क्षेत्रीय आर्थिक एकीकरण की यह प्रवृत्ति थी, जिसके कारण 1990 के दशक में वैश्वीकरण की गति बढ़ाने के साथ इसे और बढ़ावा मिला। यूरोपीय संघ की सफलता ने दूसरों को भी इसके अनुकूल नियमों को पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया। देशों ने राजनीतिक और सुरक्षा क्षेत्रों में सहयोग का गुण भी देखा और क्षेत्रीय समूह और तंत्र बनाने के लिए साथ आए। इस क्रम में दक्षिण-पूर्व एशियाई राज्य आसियान का उपयोग कर रहे हैं, क्षेत्रीय सहयोग के लिए 8 सदस्यीय दक्षिण एशियाई संघ (सार्क) हैं, पश्चिम एशिया और मध्य एशिया के नौ राज्यों ने आर्थिक सहयोग संगठन का गठन किया है। शंघाई सहयोग संगठन चीन, रूस, चार मध्य एशियाई गणराज्य कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान एवं उज्बेकिस्तान और भारत तथा पाकिस्तान जैसे देशों को दक्षिण एशिया से शामिल करता है। उद्देश्यों और आदर्शों की विविधता ने पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक), अफ्रीकी संघ (एयू) अरब लीग और अन्य समान संगठनों जैसे समूहों का गठन किया है जो दुनिया के विभिन्न हिस्सों में दिखाई दिए हैं। नाफ्टा और ओपेक जैसे आर्थिक और व्यापारिक संघ, एआरएफ, जी-8, जी-15, जी-20 जैसे अन्य समूह भी आर्थिक संबंध और क्षेत्रीय आर्थिक एकीकरण की ताकतों के बढ़ते महत्त्व की ओर इशारा करते हैं।

कई राज्यों ने आर्थिक विकास की प्रक्रिया में क्षेत्रीय भागीदारों के रूप में काम करना शुरू कर दिया है। इनके साथ ही, अंतर्राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और द्विपक्षीय संस्थानों में कई गुणा वृद्धि हुई है। ये राष्ट्रों के बीच गैर-राजनीतिक, गैर-सैन्य

सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक संबंध का मार्गदर्शन, निर्देशन और समन्वय के लिए स्थापित किए गए हैं।

विश्व एकीकरण के संस्थागतकरण की दिशा में यह प्रवृत्ति एक स्वागत योग्य प्रवृत्ति है क्योंकि यह संगठित पारस्परिक प्रयासों के माध्यम से पारस्परिक लाभ के सिद्धांत पर आधारित हैं। वैश्विक अंतर्राष्ट्रीय एकीकरण के लिए यह एक नए आग्रह को दर्शाती है।

ग) **वित्तीय संकट से गुजरनाः** 2007–08 से, दुनिया वैश्विक स्तर पर वित्तीय और आर्थिक मंदी का सामना कर रही है। सभी विकसित देशों, विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका, जापान, ब्रिटेन, कनाडा, यूरोपीय संघ के राज्यों एवं ऑस्ट्रेलिया की अर्थव्यवस्थाएँ बड़े आर्थिक तथा औद्योगिक मंदी, बैंकों, बीमा कंपनियों और अन्य ऐसे संस्थानों की विफलताओं के कई मामलों के साथ रह रही हैं।

आज नकारात्मक मुद्रास्फीति, नकारात्मक औद्योगिक विकास, नौकरी की कमी और बढ़ती बेरोजगारी देखी जा रही है। विकसित देशों में आर्थिक मंदी के प्रभाव के तहत, लगभग सभी विकासशील देशों की अर्थव्यवस्थाएँ आर्थिक और औद्योगिक दबावों के साथ चल रही है क्योंकि चारों ओर इसका पर्याप्त दूरगामी प्रभाव महसूस किया जा रहा है।

दो सबसे बड़ी उभरती अर्थव्यवस्थाओं चीन और भारत की अर्थव्यवस्थाएँ काफी धीमी आर्थिक और औद्योगिक वृद्धि दर्ज कर रही है। विकसित देश कई उपाय कर रहे हैं जैसे बैंकों और बीमा कंपनियों के लिए प्रोत्साहन पैकेज, ब्याज दरों में कमी, घरेलू बाजारों की सुरक्षा एवं कई अन्य सहयोग। जी-7 और जी-20 के अलावा विश्व बैंक तथा आई एम एफ भी वैश्विक आर्थिक मंदी की स्थिति से उबरने की कोशिश कर रहे हैं। कोरोना महामारी ने सभी अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित किया है और उन पर नकारात्मक प्रभाव डाला है।

वर्तमान में भूमंडलीकरण रुक गया है या उल्टी दिशा में जा रहा है। भारत जैसे देश अपने अर्थव्यवस्थाओं के स्वस्थ और विकसित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। ये आर्थिक मंदी से लड़ने के नाम पर अमेरिका, ब्रिटेन और अन्य देशों द्वारा संरक्षणवाद का विरोध करने वाले देश भी हैं। अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक और व्यापारिक प्रणाली बहुत तनाव में है। यह वैश्वीकृत अर्थव्यवस्था का एक दुष्परिणाम था, जिसने एक दुष्चक्र बना दिया तथा संबंधित अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित किया। कोरोना महामारी द्वारा किए गए आर्थिक नुकसान की वजह से यह महसूस किया जा रहा है कि वैश्विक वित्तीय व्यवस्था का सुधार हो।

1.2.3 संयुक्त राष्ट्र में परिवर्तन की जरूरत

क) **बड़ी शक्तियों द्वारा संयुक्त राष्ट्र पर प्रभुत्वः** शीत युद्ध के बाद, सोवियत संघ के पतन ने दुनिया में अमेरिकी शक्ति को बड़ा बढ़ावा दिया। अमेरिका में 'विजयीवाद' कायम रहा। यह अपनी छवि के आधार पर दुनिया के बाकी हिस्सों को आकार देने के लिए तैयार है – बाजार अर्थव्यवस्था के विचारों को बेचना और अफगानिस्तान से इराक तक सभी प्रकार के देशों का जोरदार लोकतंत्रीकरण करना।

एकमात्र जीवित सुपर पावर के रूप में, यह अंतर्राष्ट्रीय संबंध में एक बड़ा अभिनेता बन गया। यूएसएसआर के विघटन के बाद, रूस और पूर्ववर्ती यूएसएसआर के पूर्व गणराज्यों की कमजोरी के कारण; संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अमेरिकी स्थिति बहुत मजबूत एवं अच्छी तरह से निर्मित हुई।

संयुक्त राष्ट्र में वीटो वाले मान्य चार स्थायी सदस्यों में से किसी भी सत्ता को वर्तमान महाशक्ति को विस्थापित करने के लिए तैयार नहीं था। संयुक्त राष्ट्र के कई फैसले जैसे इराक के खिलाफ प्रतिबंध, लीबिया के खिलाफ उपाय, इजरायल, सोमालिया, बोस्निया, कंबोडिया और अंगोला मुद्दों पर संयुक्त राष्ट्र के फैसले आदि सभी में अमेरिका के प्रभाव में वृद्धि, संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी प्रभुत्व को प्रतिबिंबित करते हैं।

कई विद्वानों ने यह भी कहा कि 1990 के दशक में संयुक्त राष्ट्र ने की अमेरिकी प्रशासन के एक विभाग की तरह अधिक व्यवहार किया, विशेष रूप से इसकी सुरक्षा परिषद् ने एक प्रो-यू.एस. आचरण दिखाया। लगभग सभी राष्ट्रों, विशेष रूप से तृतीय विश्व राष्ट्रों को संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के वर्चस्व के सभी प्रयासों की जाँच करने की आवश्यकता के बारे में काफी जानकारी थी, विशेषकर उनके खुद के के घरेलू मुद्दों पर।

ख) **संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के लोकतंत्रीकरण की माँगः** शीत युद्ध के बाद सोवियत संघ के विघटन की प्रक्रिया के उद्भव के कारण विश्व मानचित्र ने तेजी से और जबरदस्त बदलाव दर्ज करना शुरू कर दिया। पूर्वी यूरोपीय राज्य सोवियत नियंत्रण से मुक्त हो गए, 1990 के दशक के अंत में, कई नए राज्य जैसे लातविया, एस्टोनिया और लिथुआनिया संप्रभु स्वतंत्र राज्यों के रूप में उभरे। जैसा कि पूर्व में जर्मन डेमोक्रेटिक रिपब्लिक (पूर्वी जर्मनी) ने जर्मनी के संघीय गणराज्य (पश्चिमी जर्मनी) के साथ एकीकरण किया था, यूगोस्लाविया का समाजवादी गणराज्य 1990 के दशक की शुरुआत में लंबे और खूनी नृजातीय मुद्दों के बाद कई स्वतंत्र गणराज्य में विभाजित हो गया।

इन बदलावों ने दुनिया के नक्शे को एक नया आकार दिया। दुनिया में संप्रभु राज्यों की संख्या 190 से ज्यादा हो गई। संयुक्त राष्ट्र महासभा की ताकत में लगातार वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में केवल पाँच स्थायी और 10 गैर-स्थायी सदस्य रहे। एशिया में केवल एक स्थायी वोटो-सीट थी, जो पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के रूप में रखा गया था।

यह पाया गया कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को हाल के वैश्विक परिवर्तनों को शामिल करना बाकी है, यह सबसे अधिक बहिष्कृत बहुपक्षीय निकाय था। आर्थिक वैश्वीकरण की चरम सीमा पर, कई देशों ने 1990 के दशक के उत्तरार्द्ध से प्रभावशाली आर्थिक विकास दर्ज करना शुरू कर दिया था। भारत, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका जैसे कई और देश थे। इस बीच निश्चित रूप से चीन ने साल दर साल प्रभावशाली आर्थिक विकास दर्ज किया। यह जल्द ही स्पष्ट हो गया कि ये उभरती अर्थव्यवस्थाएँ जबर्दस्त आर्थिक और राजनीतिक प्रभाव रखती हैं। हालांकि, वे उन अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों में प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं, जो द्वितीय विश्व युद्ध के अंत के समय 75 साल पहले बनाए गए थे, और जिसे यूएन ने अभी तक विकेंद्रीकरण और लोकतांत्रिकरण को अपनाया नहीं था। जर्मनी, जापान, भारत, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और मिस्र ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस सर्वोच्च

निर्णय लेने वाली संस्था में स्थायी सीटों के हकदार थे। ब्राजील, जर्मनी, भारत और जापान ने यूएनएससी की संरचना में सुधार और व्यापक बनाने के उद्देश्य से जी-4 का गठन किया। जी-4 की दलील है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् 1945 की शक्ति पदानुक्रम का प्रतिनिधित्व करती है और यही प्रमुख कारण है कि सुरक्षा परिषद् अक्सर वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए खतरों के समय पर और प्रभावी ढंग से जवाब देती हुई नहीं पाई जाती है। जी-4 देशों को स्थायी वीटो वाले सदस्यों के रूप में शामिल करना परिषद् को व्यापक बनाएगा तथा इसे और अधिक लोकतांत्रिक बनाने के साथ–साथ वर्तमान वैश्विक विकास वितरण को प्रतिबिंबित करेगा।

कुछ राज्यों को स्थायी सदस्यता प्रदान करने की आवश्यकता सभी को महसूस होती है, हालांकि कुछ लोग यह सुझाव देना पसंद करते हैं कि नए स्थायी सदस्य गैर-वीटो सदस्य होने चाहिए; जबकि अन्य का मानना है कि या तो मौजूदा स्थायी सदस्यों को वीटो शक्ति से अलग कर देना चाहिए, जो सभी राज्यों की संप्रभु समानता के युग और सह-अस्तित्व के महत्त्व को दर्शाता है, या फिर नए स्थायी सदस्यों को भी वीटो शक्ति दी जानी चाहिए।

बोध प्रश्न 2

नोट : i) अपने उत्तर के लिए नीचे दिए गए रिक्त स्थान का प्रयोग करें।

ii) इस इकाई के अंत में दिए गए उत्तर से अपने उत्तर का मिलान कीजिए।

1) संयुक्त राष्ट्र के लोकतंत्रीकरण से क्या अभिप्राय है?

.....

.....

.....

.....

.....

1.2.4 परमाणु प्रसार की समस्या

परमाणु कारक, अंतर्राष्ट्रीय संबंध की प्रकृति में एक बड़े बदलाव का स्रोत रहा है तथा परमाणु शक्तियों की स्थिति कठिन है, विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस और चीन की है। उनके पास मारने की क्षमता से अधिक शक्ति है, फिर भी वे अपने वांछित उद्देश्यों को हासिल करने के लिए इसका उपयोग नहीं कर सकते हैं। यहाँ तक कि आईएनएफ, एसटीएआरटी-1, एसटीएआरटी-2 और रासायनिक हथियार उन्मूलन समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद भी और हथियारों के नियंत्रण और निरस्त्रीकरण की आवश्यकता को स्वीकार करते हुए भी, परमाणु शक्तियाँ अपनी परमाणु क्षमता को बनाए हुए हैं। हालांकि वे यह भी चाहते हैं कि गैर-परमाणु राष्ट्र; परमाणु प्रसार से बचे रहें।

1998 के बाद से पाँच परमाणु शक्तियों के अलावा, भारत और पाकिस्तान अपनी परमाणु हथियार क्षमताओं को भी विकसित कर रहे हैं। ईरान, इजरायल, और उत्तर कोरिया जैसे राज्यों ने या तो गुप्त रूप से परमाणु हथियार विकसित किए हैं या ऐसा करने के रास्ते पर हैं। ब्राजील और अर्जेंटीना ने अपने-अपने परमाणु हथियार कार्यक्रमों

का अनुसरण किया और परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया। 1990 के दशक में, दोनों देश हालांकि एनटीपी में शामिल हो गए और केवल परमाणु नियमों और नियामकों के तहत शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए अपने परमाणु कार्यक्रमों को सीमित करने पर सहमत हुए। फिर भी अधिकांश राज्य अभी भी गैर-परमाणु राज्य बने हुए हैं।

परमाणु शक्तियाँ (पी-5) परमाणु हथियारों के प्रसार का दृढ़ता से विरोध करती है और इसलिए, परमाणु क्लब के क्षैतिज विस्तार को रोकने के लिए उत्सुक हैं। गैर-परमाणु राज्य, परमाणु हथियारों का विरोध करते हैं और वे परमाणु क्लब के लंबरूप और क्षैतिज विस्तार का विरोध करते हैं।

वास्तव में, वे परमाणु हथियारों के उत्पादन के पीछे कोई कारण और तर्क नहीं देखते हैं। परमाणु राष्ट्र दुनिया में परमाणु हथियार मुक्त क्षेत्र के निर्माण की तरह टुकड़ों में परमाणु नियंत्रण प्रणाली का समर्थन भी करते हैं। भारत जैसे देश इस शस्त्र नियंत्रण और निरस्त्रीकरण के उप-क्षेत्रीय नियंत्रण दृष्टिकोण के विरोधी हैं।

कई राज्य व्यापक और वैश्विक निरस्त्रीकरण के उपायों का समर्थन करते हैं। वे परमाणु हथियारों के साथ-साथ परमाणु राज्यों की अधिक क्षमता के खिलाफ अपनी रक्षाहीनता की स्थिति को समाप्त करना चाहते हैं। G-5 देश ऐसी माँग को स्वीकार नहीं करते हैं। एनपीटी के विस्तार और सीटिबीटी पर हस्ताक्षर के माध्यम से उन्होंने परमाणु ताकत के रूप में अपनी स्थिति यादगार बना ली है और अब गैर-परमाणु राज्यों पर एक प्रकार के परमाणु आधिपत्य का अभ्यास करने की कोशिश कर रहे हैं।

ये गैर-परमाणु राज्यों द्वारा परमाणु अप्रसार की वकालत करते हैं, लेकिन परमाणु निरोध और विश्व शांति के नाम पर अपने स्वयं के परमाणु प्रसार को सही ठहराते हैं। सीटीबीटी का मुद्दा सर्वसम्मति से दूर है। परमाणु हथियार और परमाणु निरस्त्रीकरण तथा परमाणु नियंत्रण की समस्या समकालीन अंतर्राष्ट्रीय संबंध के प्रमुख मुद्दे हैं।

1.2.5 गैर-पारम्परिक सुरक्षा खतरों का उद्भव

क) **अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद की समस्याः** 20वीं शताब्दी के अंतिम दशक और 21वीं सदी के पहले दशक ने कई आयामों में अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद के उद्भव का अनुभव किया, उदाहरणस्वरूप सीमा पर आतंकवाद, धार्मिक आतंकवाद, कट्टरपंथी आतंकवाद, नार्को-आतंकवाद, इत्यादि। कश्मीर, चेचन्या, सर्बिया, रवांडा, श्रीलंका, वाशिंगटन, लंदन, पेरिस, मुंबई, दिल्ली और कई अन्य स्थानों पर आतंकवाद के कई भद्दे, खतरनाक और अत्याचारी चेहरे देखे गए। कई आतंकवादी समूहों ने उच्च संगठित और प्रेरित समूहों के रूप में कार्य करना शुरू कर दिया और सक्रिय रूप से अपने संबंधित संकीर्ण लक्ष्यों को हासिल करने के लिए आतंक के हथियार के उपयोग को सही ठहराया।

अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ने इस खतरे को नियंत्रित करने की आवश्यकता के बारे में अधिक से अधिक जागरुक होना शुरू कर दिया, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बड़े पैमाने पर चुनौती देने और परेशान करने की क्षमता है। आतंकवाद के वित्तपोषण के दमन के लिए अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (1999) तथा अनुवर्ती संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों में राज्यों को आतंकवादी समूहों के वित्तपोषण को रोकने और दबाने जैसी चिंताओं को पूरी तरह से प्रतिबिंबित करने के लिए कहा।

यद्यपि, यह 11 सितंबर 2001 के बाद अमेरिकी विश्व व्यापार केंद्र और पेंटागन पर आतंकवादी हमलों के बाद ही था, संयुक्त राज्य अमेरिका के नेतृत्व में दुनिया ने अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद के संकट से निपटने के लिए तत्काल आवश्यकता को स्वीकार किया। आतंकवाद के खिलाफ युद्ध की शुरुआत अक्टूबर 2001 में बड़े पैमाने पर हुई थी। हालांकि, यह अपने सफल निष्कर्ष के बाद, आतंकवाद के हर उस दूसरे केंद्र और हर उस दूसरे शासन के खिलाफ युद्ध के लिए बढ़ाया जाएगा, जो किसी भी आयाम में आतंकवाद की मदद करने या समर्थन करने और प्रायोजित करने में लगे हुए हैं।

13 दिसंबर, 2001 के बाद भारतीय संसद पर आतंकवादी हमला, मुंबई पर 26/11 का आतंकवादी हमलों से, यह पूरी तरह से एहसास हो गया कि आतंकवाद के खिलाफ युद्ध तालिबान, अल-कायदा, एलईटी, जेईएम, जेयूडी आदि के खिलाफ बढ़ाना होगा। विश्व समुदाय अब अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद के खिलाफ युद्ध जीतने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है, जो विशेष रूप से अफगानिस्तान, पाकिस्तान क्षेत्र से दुनिया के कई अलग-अलग हिस्सों में आतंकवाद बढ़ रहा है।

पाकिस्तान को अपनी मिट्टी और पीओके से संचालित होने वाले सभी आतंकी नेटवर्क को समाप्त करना होगा। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय बिना किसी आरक्षण के सभी आतंकवादियों के खिलाफ मजबूत, पारदर्शी, व्यापक और प्रभावी पाकिस्तानी कार्यवाही चाहता है। कोई अच्छा या बुरा आतंकवादी नहीं है। सभी आतंकवादी मानवता के खिलाफ अपराध कर रहे हैं। उन्हें या तो आतंकवाद को छोड़ने या पूर्ण विनाश का सामना करने के लिए मजबूर किया जाना चाहिए। इस खतरे से निपटने के लिए मजबूत राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और सैन्य साधनों को अपनाने की आवश्यकता है।

आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में लड़ा जाना चाहिए और किसी भी राष्ट्र को सामूहिक प्रयासों के साथ, आतंकवाद के खिलाफ एक सामूहिक (गठबंधन) युद्ध की आड़ में अपने राष्ट्रीय एजेंडा को लागू करने या सुरक्षित रखने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। आतंकवाद के खिलाफ युद्ध चयनात्मक और व्यक्तिपरक नहीं होना चाहिए। इसके दृष्टिकोण में वैश्विक गुंजाइश के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद के अंत के एक भी उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए वास्तव में वैश्विक प्रयासों को शामिल करना चाहिए।

भारत अपने सभी रूपों में आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय कन्वेशन की वकालत कर रहा है जिसे कम्परिहेंसिव कन्वेंशन आन इंटरनेशनल टेररिज़्म (CCIT) कहते हैं। कई अन्य देशों के साथ मिलकर भारत के ठोस प्रयासों के कारण, मई 2019 में पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख मसूद अजहर को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् 1267 समिति द्वारा नामित आतंकवादी के रूप में सूचीबद्ध किया गया था। इसका मतलब था कि अजहर पर यात्रा प्रतिबंध लगाकर, हथियार बंदी तथा संपत्ति जब्त कर दी गई।

ख) **नार्को ट्रैफिकिंग की समस्या**

नारकोटिक ड्रग तस्करी वैश्विक सुरक्षा के लिए गंभीर, गैर-पारंपरिक खतरों के रूप में भी उभर रही है। एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में भारी मात्रा में मादक पदार्थों का उत्पादन, आपूर्ति और विपणन न केवल उस क्षेत्र की आबादी को प्रभावित कर रहा है, बल्कि उन राज्यों के काम को भी बाधित कर रहा है। यह न केवल द्विपक्षीय प्रकृति की समस्या है, बल्कि इस प्रक्रिया में क्षेत्रीय और वैश्विक राजनीति प्रभावित होती है। इस संदर्भ में, दो महत्त्वपूर्ण क्षेत्र – गोल्डन क्रिसेंट जिसके अंतर्गत पाकिस्तान, ईरान और अफगानिस्तान हैं और गोल्डन टाईएंगल (दक्षिण-पूर्व एशिया के) – एशिया और सामान्य रूप से वैश्विक राजनीति को प्रभावित करते हैं। दोनों क्षेत्रों की ड्रग आपूर्ति मार्ग सभी राज्यों की आबादी, राजनीति, अर्थव्यवस्था और सामाजिक-संस्कृति को प्रभावित कर रहे हैं, जिससे उनकी आपूर्ति हो रही है। समकालीन युग में, इस समस्या ने महत्त्वपूर्ण परिमाण प्राप्त कर लिया है। पहले इन की तस्करी उन राज्यों के सामाजिक-आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक आदि परिदृश्य और कामकाजी प्रक्रियाओं को प्रभावित कर रही थी। आजकल, इन माफियाओं द्वारा आतंकवाद की वृद्धि में इन ड्रग्सों की आपूर्ति के माध्यम से कमाई की जाती है। इस ड्रग की आपूर्ति और आतंकवाद के बीच संबंध ने संबंधित राज्यों की सुरक्षा के साथ-साथ सभी अंतर्राष्ट्रीय राजनीतिक व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा पैदा कर दिया है। इसलिए समकालीन अंतर्राष्ट्रीय नीतियों को समझने के लिए, इस तरह की गतिविधियों से होने वाले खतरों के सभी कार्य को समझना अधिक महत्त्वपूर्ण हो जाता है।

मादक पदार्थों की तस्करी एक वैश्विक अवैध व्यापार है, जिसमें मादक पदार्थों की खेती, निर्माण, वितरण और बिक्री शामिल है जो कि मद्य निषेध कानून के अधीन है। विश्व हेरोइन बाजार बहुत बड़ा है, लाखों उपभोक्ता हैं, हर साल सैकड़ों टन हेरोइन जब्त की जाती है। म्याँमार और लाओस दक्षिण-पूर्व एशिया में हेरोइन का प्रमुख स्रोत हैं तथा अफगानिस्तान, दक्षिण एशिया में अफ़ीम का बहुत बड़ा उत्पादक है। हेरोइन और मॉर्फिन की बड़ी मात्रा दुनिया भर में अफगानिस्तान और पड़ोसी देशों के माध्यम से जाने वाले मार्गों से होती है। बाल्कन और उत्तरी मार्ग मुख्य हेरोइन तस्करी गलियारे हैं जो अफगानिस्तान को रूसी संघ और पश्चिमी यूरोप के विशाल बाजारों से जोड़ते हैं। बाल्कन मार्ग, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान (अक्सर पाकिस्तान के माध्यम से), तुर्की, ग्रीस और बुल्गारिया को दक्षिण-पूर्वी यूरोप में पश्चिमी यूरोपीय बाजार तक ले जाता है। उत्तरी मार्ग मुख्य रूप से ताजिकिस्तान (उज्बेकिस्तान या तुर्कमेनिस्तान) से होकर कजाकिस्तान और रूसी संघ तक जाता है। हेरोइन बाजार का आकार कई अरब डॉलर में अनुमानित है।

वैश्विक रूप से अफीम उपयोगकर्त्ताओं की संख्या के सामान, दुनिया भर में कोकीन का सेवन भी लाखों लोगों के द्वारा किया जाता है। उत्तरी अमेरिका और यूरोप में कोकीन की प्रमुख खपत है। उत्तर अमेरिकी बाजार के लिए, कोकीन को आमतौर पर कोलंबिया से मैक्सिको या मध्य अमेरिका तक समुद्र, वायु और भूमि मार्ग द्वारा पहुँचाया जाता है। कोकीन यूरोप में समुद्र के द्वारा, अक्सर कंटेनर द्वारा तस्करी की जाती है। कोलंबिया कोकीन का मुख्य स्रोत बना हुआ। बोलिविया और पेरू ऐसे देश हैं, जहाँ कोका पौधों की खेती की जाती है और आंशिक रूप से संशोधित किया जाता है। ट्रांसशिपमेंट के नए बिंदु उभरते

रहते हैं, लेकिन कार्टल्स पूरे दक्षिण अमेरिका में फैल गए हैं। अफ्रीका के कुछ हिस्से ट्रांसशिपमेंट के नए बिंदुओं के रूप में उभरे हैं। इसके अलावा, पूरे उत्तरी अमेरिका, यूरोप और एशिया के कई बड़े व्यापारिक शहरों में ड्रग मनी का कारोबार होता है।

ग) **बढ़ते नृजातीय संघर्ष**

अंतर्राष्ट्रीय संबंध के समकालीन युग की एक दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण वास्तविकता दुनिया के कई हिस्सों में नृजातीय संघर्षों और युद्धों का उद्भव रहा है। श्रीलंकाई सेनाओं के हाथों लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (एलटीटीई) की हार के बाद भी, उनके द्विपक्षीय राष्ट्र की तमिल नृजातीय समस्या का पूरी तरह से समाधान होना बाकी है। आर्मेनिया और अजरबैजान नृजातीय युद्धों में शामिल रहे हैं और रूस एवं जॉर्जिया वस्तुतः एक स्थानीय नृजातीय युद्धों में शामिल हो रहे हैं।

पूर्व यूगोस्लाविया में एक गंदे और खूनी नृजातीय युद्ध ने मानव जीवन का एक बड़ा नुकसान उठाया। अंतर-आदिवासी संघर्ष के परिणामस्वरूप रवांडा में कई लाख लोग मारे गए। धर्म और नृजातीय सफाई के नाम पर बच्चों, महिलाओं और पुरुषों का नरसंहार समकालीन समय में एक कड़वी सच्चाई रही है।

